Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

वर्ष- 28 अंक- 321 रायपुर, मंगलवार 16 दिसम्बर 2025 पृष्ठ-8 मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## एपीएल से बीपीएल राशन कार्ड में परिवर्तन मामले को लेकर भाजपा विधायक ने सरकार को घेरा

### बेरोजगारी भत्ता के मुद्दे पर सदन में मचा हंगामा, मंत्री के जवाब से असंतुष्ट विपक्ष ने किया वॉकआउट



**रायपुर,** 16 दिसंबर (हाईवे चैनल)। सदन में एपीएल राशन कार्ड से बीपीएल राशन कार्ड में परिवर्तन का मामला उठा. बीजेपी विधायक सुशांत शुक्ला ने मुद्दा उठाते हुए अपनी ही सरकार को घेरते हुए मंत्री पर गलत जानकारी देने की बात कही. मामले में अन्य भाजपा विधायकों ने कमेटी बनाकर जांच करने की मांग की। बीजेपी विधायक सुशांत शुक्ला ने सवाल किया कि क्या एपीएल से बीपीएल कार्ड डिलीट कर बनाया गया है? इस मामले में एफआईआर भी सरकार की तरफ से किया गया है. जवाब में खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल ने कहा एपीएल से बीपीएल राशन कार्ड में परिवर्तन नहीं की गई. उन्होंने कहा कि 19 राशन कार्ड में गड़बड़ियों की बात सामने आई थी. 4 राशन कार्ड को लेकर जांच में पाया गया कि जोन क्रमांक 4 के जोन कमिश्नर की अनुशंसा पर कार्रवाई हुई है। सुशांत शुक्ला के इस मामले में एफआईआर होने की बात कही. साथ ही मंत्री पर गलत जानकारी देने की बात कही. अजय चंद्राकर ने कहा कि इस मामले पर गंभीरता से चर्चा होना चाहिए. कल इस पर आधे घंटे की चर्चा रखा जाना चाहिए. विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा, यह गंभीर मामला है. इसकी विधानसभा कमिटी या हाई पॉवर कमिटी से जांच करना चाहिए। भाजपा विधायक धरमलाल कौशिक ने कहा, आपने सभी बातों को इनकार कर दिया और अंतिम में अपने कहा जांच करवाएंगे. जो अधिकारी आपसे गलत जवाब दिलवाया जा रहा है. विधानसभा में गलत जानकारी देने वालों पर कार्यवाही किया जाना चाहिए।



### सड़क मरम्मत को लेकर मंत्री की जानकारी को कांग्रेस विधायक ने बताया गलत, आसंदी ने किया हस्ताक्षेप




छत्तीसगढ़ विधानसभा के शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन प्रश्नकाल में सड़क निर्माण का मुद्दा उठा. कांग्रेस विधायक हर्षिता बघेल ने डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र की मरम्मत योग्य सड़कों की जानकारी मांगी. इस पर विभागीय अरुण साव द्वारा दिए गए जवाब को विधायक ने गलत बताया. इस पर आसंदी ने कहा, मंत्री द्वारा पूरी जानकारी दी जा रही है। कांग्रेस विधायक हर्षिता बघेल ने सवाल किया कि राजनांदगांव व खैरागढ़ जिले के पीडब्ल्यूडी की कितनी सड़कें मरम्मत योग्य है? इस पर विभागीय मंत्री अरुण साव ने बताया कि 48 सड़के मरम्मत योग्य हैं. इनमें में 39 सड़कों का टेंडर हो गया है. 4 सड़कें पूर्ण है, 5 सड़कों का काम अभी प्रारंभ नहीं हुआ। इस पर कांग्रेस विधायक हर्षिता बघेल ने कहा कि 48 सड़कों में एक भी जगह मरमत का कार्य नहीं हुआ. यह गलत जानकारी है. मंत्री अरुण साव ने कहा कि पूरी जानकारी परिशिष्ट में दी गई. इस पर विधायक ने गलत जानकारी देने की बात कही. इस पर आसंदी ने कहा कि पूरी मंत्री जी द्वारा जानकारी दी जा रही है।

### किरण सिंह देव ने सुपर स्पेशियालिटी हॉस्पिटल के निर्माण का उठाया मुद्दा



छत्तीसगढ़ विधानसभा के शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन जगदलपुर विधायक किरण सिंह देव ने सुपर स्पेशियालिटी हॉस्पिटल और महारानी अस्पताल में कैंसर क्लिनिक के निर्माण का मुद्दा उठाया. स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने आश्वस्त किया कि जनवरी में ही इसका कार्य प्रारंभ हो जाएगा। जगदलपुर विधायक किरण सिंह देव ने प्रश्नकाल के दौरान जगदलपुर में स्थित महारानी अस्पताल के निर्माण कार्यों की स्वीकृति का मुद्दा उठाते हुए कहा कि कैंसर क्लिनिक का निर्माण किया जाना है. इसमें स्वीकृति कब प्रदान हुई. मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल 12 जून 2025 को स्वीकृति प्रदान की गई. इस पर विधायक ने कहा कि 6 माह के बाद यह प्रक्रिया किस-किस तरीके से होकर गुजरी है, क्योंकि अब तक केवल टेंडर का काम ही चल रहा है. इसमें क्या स्थिति है? मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने बताया कि पिछले 7 महीना पहले हम प्रवास पर गए थे. इसमें माताओं के लिए एमआरटी भवन बनाए जाने की मांग की गई थी. इसे ध्यान में रखते हुए एमआरडी भवन की स्वीकृति की घोषणा की गई थी. इसका टेक्निकल अनुरूप होता है, जो प्राइवेट एजेंसी हायर करके इसका डीपीआर बनाते हैं. ईएनसी के माध्यम से इसकी स्वीकृति प्रक्रिया जारी होती है, जल्द ही इसका निर्माण ही जाएगा। इस पर किरण सिंह देव ने कहा कि जब 6 महीना तक टेंडर की प्रक्रिया ही शुरू नहीं होगी तो आखिरकार निर्माण कब होगा? सुपर स्पेश्यालिटी हॉस्पिटल बनना है, उसका भी निर्माण कार्य आखिर कब से शुरू होगा दोनों का कार्य कब तक शुरू हो जाएगा? मंत्री ने कहा कि मैं यह आश्वस्त करता हूं कि अगले महीने जनवरी में ही इसका कार्य प्रारंभ हो जाएगा।

### हसदेव मामले में नारेबाजी के करते गर्भगृह में घुसा विपक्ष, कांग्रेस विधायक सस्पेंड

विधानसभा में आज की कार्यवाही के दौरान विपक्ष हसदेव अरण्य इलाके में खनन के मामले में स्थगन लेकर आया. विपक्ष ने विषय पर चर्चा की मांग रखी थी, लेकिन स्थगन पर सरकार के जवाब के बाद चर्चा अस्वीकार हुई, जिस पर गर्भ गृह में घुसकर विपक्ष ने हंगामा किया. इसके साथ गर्भ गृह में घुसने वाले विधायक स्वमेव निलंबित हुए. पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विपक्ष द्वारा लाए गए स्थगन को लेकर कहा कि अशासकीय संकल्प पारित किया गया था कि कोई खदान नहीं खुलेगा. इसके बावजूद भी ज्यादा से ज्यादा जंगल कांटे जा रहे हैं. सरगुजा से बस्तर तक सभी जगह कटाई जोरों पर है. इसके खिलाफ स्थगन लाया गया. मंत्री के द्वारा गलत जानकारी दी गई. गंभीर प्रश्न के उत्तर में बस्तर ओलंपिक की बात कर रहे हैं, गुरु घासीदास अभ्यारण की बात कर रहे हैं. गंभीर विषय को सरकार कितनी संवेदनशील दिखाई दे रहा है. इसके खिलाफ हम गर्भ गृह गए, और स्वयं निलंबित हुए. पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदूषण के कारण दिल्ली में फ्लाइट कैंसिल करना पड़ा है. छत्तीसगढ़ इस मामले में समृद्धशाली है, जिसे बिगाड़ने का काम किया जा रहा है. छत्तीसगढ़ में सोलर व्यवस्था है, तो कोयला उत्खनन क्यों किया जा रहा है. मानव-हाथी द्वन्द अलग हो रहा है. छत्तीसगढ़ को केवल प्रदूषण मिल रहा है. पूरे छत्तीसगढ़ के लिए त्रासदी होने वाला है. उन्होंने कहा कि सरकार केवल दो उद्योगपति के लिए 50 काम कर रही है. जहां खदान खुला है, वहां ग्राम सभा नहीं किया गया. वहां से दूर ग्राम सभा कर 15 मिनट में खत्म कर दिया. मुख्यमंत्री आदिवासी है, और आदिवासी क्षेत्र को खनने का काम चल रहा है. खनिज संपदा को लूटने का काम हो रहा है

## लोकसभा में विकसित भारत- जी राम जी पेश, सदन ने दी मंजूरी



**नई दिल्ली,** 16 दिसम्बर (न्यूज चैनल) केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को लोकसभा में विकसित भारत-रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) विधेयक, 2025 पेश किया, जिसका उद्देश्य महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी (एमजीएनआरईजी) अधिनियम, 2005 को निरस्त करना है। विधेयक को सदन में विपक्ष के सदस्यों के विरोध के बावजूद पेश किया गया। ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विपक्षी सदस्यों के हंगामे के बीच 'विकसित भारत-रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण)' (विकसित भारत- जी राम जी) विधेयक, 2025' पेश करने का प्रस्ताव रखा, जिसे सदन ने ध्वनिमत से मंजूरी दी। विपक्षी सदस्यों ने विधेयक का विरोध करते हुए कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का नाम हटाया जाना उनका अपमान है। उन्होंने यह भी कहा कि विधेयक को वापस लिया जाए या फिर संसदीय समिति के पास भेजा जाए। चौहान ने विपक्ष के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि महात्मा गांधी हमारे दिलों में बसते हैं। उनका कहना था कि मोदी सरकार महात्मा गांधी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों पर आधारित कई योजनाएं चला रही है। उन्होंने सवाल किया कि कांग्रेस की सरकार ने भी जवाहर रोजगार योजना का नाम बदला था तो क्या यह पंडित जवाहरलाल नेहरू का अपमान था? चौहान ने कहा कि सरकार ने मनरेगा पर 8.53 लाख करोड़ रुपये खर्च किए हैं। उन्होंने बताया कि हम इस विधेयक में 125 दिन के रोजगार की गारंटी दे रहे हैं। यह कोई कोरी गारंटी नहीं है, बल्कि 1.51 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि का प्रावधान किया गया है। उन्होंने इस बात का उल्लेख किया कि महात्मा गांधी ने भी रामराज्य की कल्पना की थी और उनके आखिरी शब्द भी 'हे राम' थे। चौहान ने कहा कि इस विधेयक से गांवों का संपूर्ण विकास होगा। विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि आखिर राम का नाम जुड़ते ही क्या परेशानी हो गई? कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाद्रा ने विधेयक पेश किए जाने का विरोध करते हुए कहा कि इससे रोजगार का कानूनी अधिकार कमजोर हो रहा है।

**विपक्ष के विरोध पर बोले शिवराज- राम का नाम जुड़ते ही क्या परेशानी हो गई?**

उन्होंने कहा, ''मनरेगा में 90 प्रतिशत अनुदान केंद्र से आता था, लेकिन इस विधेयक में ज्यादातर प्रदेशों में अब 60 प्रतिशत अनुदान ही आएगा। इससे प्रदेशों की अर्थव्यवस्था पर बहुत भार पड़ेगा। ये उन प्रदेशों को और प्रभावित करेगा जिनकी अर्थव्यवस्था पहले से ही केंद्र की जीएसटी के बकाया का इंतजार कर रही है।'' उन्होंने आरोप लगाया कि इस विधेयक द्वारा केंद्र का नियंत्रण बढ़ाया जा रहा है और जिम्मेदारी घटाई जा रही है। केरल के वायनाड से लोकसभा सदस्य ने कहा, ''यह विधेयक काम के दिन 100 से बढ़ाकर 125 करने की बात करता है, लेकिन इसमें मज़दूरी बढ़ाने की कोई बात नहीं है।''


## ब्रेकिंग न्यूज

### विजय दिवस पर सेना के शौर्य को सलाम, राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री समेत कृतज्ञ राष्ट्र ने दी श्रद्धांजलि



**नई दिल्ली,** 16 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। विजय दिवस भारत के इतिहास का सबसे गौरवशाली दिन है। यह दिन भारतीय सेना के शौर्य, साहस और बलिदान की याद दिलाता है। आज से 54 साल पहले आज के दिन ही भारत-पाकिस्तान युद्ध में भारतीय सशस्त्र बलों ने अद्वितीय पराक्रम दिखाते हुए पाकिस्तान को करारी शिकस्त दी थी और पूर्वी पाकिस्तान को आजाद कराया था। इतना ही नहीं इस ऐतिहासिक जीत के साथ न केवल बांग्लादेश का जन्म हुआ, बल्कि भारत ने दुनिया को अपनी सैन्य ताकत और राष्ट्रहित के प्रति संकल्प का संदेश भी दिया। विजय दिवस के अवसर पर पीएम नरेंद्र मोदी, द्रौपदी मुर्मू समेत कई नेताओं ने भारतीय सशस्त्र बलों के योगदान को याद किया। मंगलवार को विजय दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय सशस्त्र बलों की बहादुरी और बलिदान को याद किया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर किए पोस्ट में पीएम मोदी ने कहा कि 1971 के युद्ध में भारतीय सेना ने देश

### बिरादरी की बात



चूहा- सुनती हो, दिग्विजय सिंह कह रहे हैं कि ईवीएम में बसती है भाजपा की जान!

चुहिया- हां जी, तो फिर किसी की जान के पीछे नहीं पड़नी चाहिए।

## तेज रफ्तार बस खड़े ट्रेलर से जा टकराई 16 यात्री घायल, 11 की हालत गंभीर



**बिलासपुर,** 16 दिसंबर (हाईवे चैनल)। रतनपुर थाना क्षेत्र में नेशनल हाइवे पर सुबह 5:30 बजे के आसपास तेज रफ्तार बस खड़े ट्रेलर से जा टकराई. दुर्घटना में बस में सवार 16 यात्री घायल हो गए, जिनमें से 11 यात्रियों की हालत गंभीर है।

जानकारी के अनुसार, दर्री पारा के पास हुई सड़क दुर्घटना में बिहार से रायपुर जा रही रॉयल बस खड़े ट्रेलर से जा टकराई. तेज रफ्तार और कम दृश्यता को हादसे की वजह माना जा रहा है। हादसे में गंभीर रूप से घायल यात्रियों को रतनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से सिम्स रेफर किया गया. वहीं दुर्घटना की सूचना मिलते ही रतनपुर पुलिस मौके पर पहुंची. घायल यात्रियों को अस्पताल पहुंचाने के साथ यातायात व्यवस्था को नियंत्रित करने के लिए कदम उठाया।

## कानन पेंडारी में बाघिन रागिनी की हुई मौत

**बिलासपुर,** 16 दिसंबर (हाईवे चैनल)। बिलासपुर के कानन पेंडारी जूलॉजिकल पार्क की 22 साल की बाघिन रागिनी ने दम तोड़ दिया है. रागिनी वर्ष 2018 में रायपुर के नंदन वन जंगल सफारी से एक्सचेंज के तहत कानन पेंडारी लाई गई थी. रागिनी को असम के काजीरंगा नेशनल पार्क से रेस्क्यू किया गया था. वह उम्रदराज हो चुकी थी और पिछले सात वर्षों से पार्क के अस्पताल परिसर के केज में रखी गई थी. जू प्रशासन के अनुसार, जब रागिनी को 11 अगस्त 2018 को नंदन वन जंगल सफारी, रायपुर से कानन पेंडारी लाया गया था, तब जांच में सामने आया कि उसके के-नाइन दांत नहीं थे।

### नेशनल हेराल्ड मामले में राहत

## ईडी की चार्जशीट पर कोर्ट का संज्ञान से इनकार



**नई दिल्ली,** 16 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। नेशनल हेराल्ड केस में मंगलवार को गांधी परिवार को बड़ी राहत मिली है। केस से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी और अन्य के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दायर चार्जशीट का संज्ञान लेने से इनकार कर दिया है। वहीं, दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) की ओर से दर्ज की गई नई एफआईआर में प्राथमिकी की कॉपी देने से इनकार कर दिया। अदालत ने कहा है कि राहुल गांधी, सोनिया गांधी और अन्य आरोपी एफआईआर की प्रतिलिपि पाने के हकदार नहीं हैं।

कोर्ट ने ईडी को अपनी जांच जारी रखने की अनुमति दे दी है। स्पष्ट किया है कि आगे की जांच के लिए ईडी को स्वतंत्रता है। साथ ही कहा है कि ईडी का मामला सुब्रमण्यम स्वामी द्वारा दायर एक निजी शिकायत और मजिस्ट्रेट के समन आदेशों पर आधारित है, न कि किसी प्राथमिकी पर। हालांकि, एजेंसी इस मामले से जुड़े तथ्यों और साक्ष्यों को इकट्ठा करना जारी रख सकती है। इससे पहले दिल्ली पुलिस ने नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और पूर्व पार्टी अध्यक्ष राहुल गांधी सहित कई अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी।

## फर्जी इनकम टैक्स अधिकारी बनकर छापेमारी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह का पर्दाफाश

**धमतरी,** 16 दिसम्बर (हाईवे चैनल)। एसपी धमतरी श्री सूरज सिंह परिहार के निर्देश पर जिले में संगठित एवं गंभीर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु लगातार सख्त कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में थाना सिटी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत फर्जी इनकम टैक्स अधिकारी बनकर रत्नाबांधा रोड में स्थित डॉक्टर के घर में अवैध प्रवेश कर तलाशी लेने वाले अंतर्राज्यीय संगठित गिरोह का सफलतापूर्वक पर्दाफाश किया गया है। प्रकरण में कुल 12 आरोपियों को गिरफ्तार न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

प्रार्थी दिलीप राठौर पिता स्व. बाबूलाल राठौर, उम्र 67 वर्ष, निवासी रत्नाबांधा धमतरी द्वारा दिनांक 12.12.2025 को थाना सिटी कोतवाली में लिखित आवेदन प्रस्तुत कर रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि दिनांक 17.11.2025 को लगभग 11.30 बजे 06-07 व्यक्ति स्वयं को इनकम टैक्स विभाग का अधिकारी बताकर बिना किसी पहचान पत्र एवं बिना वैध तलाशी वारंट के प्रार्थी के घर जबरन घुस आए। आरोपियों ने लगभग 02 से 02.30 घंटे तक घर के सभी कमरों, दराजों, आलमारियों एवं लॉकर की तलाशी ली तथा प्रार्थी को घर से बाहर निकलने नहीं दिया। तलाशी में कुछ न मिलने पर आरोपी दो कारों में बैठकर फरार हो गए। जिसकी रिपोर्ट पर धाना सिटी कोतवाली द्वारा तत्काल अप.क्र. 327/25 धारा 204, 319(2), 331(3), 61(2), 3(5) भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई।




- अलग-अलग टीमों के गठन, सायबर तकनीकी विश्लेषण एवं सतत् पतासाजी से 12 आरोपी गिरफ्तार, न्यायिक रिमांड पर भेजे गए जेल
- नागपुर,रायपुर दुर्ग-बालोद,दल्लीराजहरा सहित विभिन्न स्थानों से आरोपियों तक पहुंचकर धमतरी पुलिस को मिली बड़ी सफलता

मामले की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए एसपी धमतरी श्री सूरज सिंह परिहार के निर्देशन में अलग-अलग पुलिस टीमों का गठन किया गया। सायबर सेल के सहयोग से तकनीकी साक्ष्यों का विश्लेषण कर टीमों को नागपुर (महाराष्ट्र), दुर्ग रायपुर एवं बालोद, दल्लीराजहरा (छत्तीसगढ़) की ओर आरोपियों की तलाश हेतु रवाना किया गया। निरंतर प्रयास एवं तकनीकी विश्लेषण के आधार पर सभी आरोपियों को अभिरक्षा में लेकर धमतरी लाया गया। आरोपियों से गहन पूछताछ की गई, जिसमें आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्हें प्रार्थी के घर में 200 करोड़ रुपये रखें होने की सूचना प्राप्त हुई थी। इसी सूचना के आधार पर आरोपियों ने आपस में संपर्क कर सुनियोजित षडयंत्र रचते हुए फर्जी इनकम टैक्स टीम का गठन किया और घटना को अंजाम दिया।

आरोपियों में -बबलु अजबराव नाइक उके नीना मामा पिता अजबराव उके उम्र 43 वर्ष साकिन गणेश मंदिर के पास थाना जिपटका पोस्ट उलवाडी जिला,नागपुर महाराष्ट्र, अर्पण उत्तम मेश्राम पिता उत्तम मेश्राम उम्र 25 वर्ष साकिन वठोडा रोड थाना नंदनवन महाराष्ट्र, अमन उत्तम मेश्राम पिता उत्तम मेश्राम उम्र 26 साल वठोडा रोड थाना नंदनवन महाराष्ट्र, संजय जगतराव शिवरिया उर्फ बाला पिता जगतराम शिवरीया उम्र 52 वर्ष साकिन डिप्टी सिंग्नल चिखली रोड संजय नगर थाना कडमना जिला नागपुर महाराष्ट्र, दीपक मोहन वर्ड पिता मोहन वर्ड उम्र 22 वर्ष साकिन बस स्टेण्ड के पीछे नयाकुंड थाना पाटसिवनी जिला नागपुर जिला महाराष्ट्र, सजय रामटेके पिता राजेन्द्र रामटेके उम्र 34 वर्ष साकिन झुर्रीपारा जिला बालोद जिला बालोद (छ.ग.), गजेन्द्र कुमार साहू उर्फ पिता राजेश कुमार साहू उम्र 31 वर्ष साकिन कुसुमकसा थाना दल्लीराजहरा जिला बालोद (छ0ग0), विवेक उर्फ विक्की कोर्सवाडा पिता द्रोणेन्द्र कोर्सवाडा उम्र 33 साल साकिन बोरसी कालोनी पदनाभपुर जिला दुर्ग (छ0ग0), उमेश साहू पिता कोमल साहू उम्र 30 वर्ष साकिन बजरंग चौक भटगावं थाना रूद्री जिला धमतरी, (छ0ग0), जितेन्द्र कुमार बघेल पिता नीलकंठ बघेल उम्र 32 साल साकिन भाठापारा बोधन रोड रजौली थाना रनचिरई, जिला बालोद,हाल मुकिम हाउसिंग बोर्ड एलआईजी 717 सेजबहार थाना मुजगहन जिला रायपुर, (छ0ग0), चेतन साहू पिता झीटू राम साहू उम्र 44 साल निवासी सांगली थाना गुरूर, जिला बालोद (छ0ग0) श्रवण ध्रुव पिता छत्तर सिंह ध्रुव उम्र 38 साल साकिन हटकेशर वार्ड धमतरी, जिला धमतरी (छ0ग0) शामिल हैं।